# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2015

## इंटरमीडिएट परीक्षा - 2015

**(ANNUAL / वार्षिक)**

## ECONOMICS

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

Biharboardquestionpaper.com

SECTION - A

निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 40 में केवल एक ही उत्तर सही है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से आपको सही उत्तर चुनना है

1. अवसर लागत क्या है ?

(a) वह विकल्प जिसका परित्याग कर दिया गया

(b) खोया हुआ अवसर

(c) हस्तांतरित आय

(d) इनमें से सभी

2. किसी वस्तु की मानवीय आवश्यकता को संतुष्ट करने की क्षमता है

(a) उपभोग

(b) उपयोगिता

(c) गुण

(d) रुचि

3. उपभोक्ता की सर्वाधिक संतुष्टि के लिए

(a) वस्तु की सीमांत उपयोगिता उसके मूल्य के समान होनी चाहिए

(b) वस्तु की सीमांत उपयोगिता उसके मूल्य से अधिक होनी चाहिए

(c) सीमांत उपयोगिता और मूल्य का कोई संबंध नहीं है

(d) इनमें से कोई नहीं

4. निम्नलिखित में से किसके परिवर्तन से माँग में परिवर्तन नहीं होता ?

(a) मूल्य में परिवर्तन

(b) आय में परिवर्तन

(c) रुचि तथा फैशन में परिवर्तन

(d) इनमें से कोई नहीं

5. मूल्य वृद्धि से 'ग्रिफिन' वस्तुओं की माँग

(a) बढ़ जाती है

(b) घट जाती है

(c) स्थिर रहती है।

(d) अस्थिर हो जाती है

6. अक्षों के केंद्र से निकलने वाली सीधी पूर्ति रेखा की लोच

(a) इकाई से कम होती है

(b) इकाई से अधिक होती है

(c) इकाई के बराबर होती है।

(d) शून्य के बराबर होती है

BiharboardQuestionpaper.com

7. उत्पादन का सक्रिय साधन है

(a) पूँजी

(b) श्रम

(c) भूमि

(d) इनमें से कोई नहीं

8. औसत लागत चक्र का आकार होता है।

(a) U-अक्षर जैसा

(b) समकोणीय अतिपरवलय जैसा

(c) x-अक्ष की समांतर रेखा

(d) इनमें से कोई नहीं

9. निम्नलिखित में से कौन पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषता नहीं है ?

(a) क्रेताओं तथा विक्रेताओं की अत्यधिक संख्या

(b) वस्तु की एकरूपता

(c) विज्ञापन तथा विक्रय लागतें

(d) बाजार का पूर्ण ज्ञान

10. किस बाजार में औसत आय सीमांत आय के बराबर होती है ?

(a) पूर्ण प्रतियोगिता

(b) अल्पाधिकार

(c) अपूर्ण प्रतियोगिता

(d) एकाधिकार

BiharboardQuestionpaper.com

11. जब सीमांत उपयोगिता ऋणात्मक होती है, तब कुल उपयोगिता

(a) अधिकतम होती है

(b) घटने लगती है

(c) घटती दर से बढ़ती है

(d) इनमें से कोई नहीं

12. यदि किसी वस्तु के मूल्य में 40% परिवर्तन के कारण माँग में 60% परिवर्तन हो तो माँग की लोच है

(a) 0.5

(b) - 1.5

(c) 1

(d) 0.

13. विलासिता वस्तुओं की माँग

(a) बेलोचदार होती है

(b) लोचदार होती है

(c) अत्यधिक लोचदार होती है

(d) पूर्णतया बेलोचदार होती है

14. स्थायी पूँजी के उपभोग को क्या कहते हैं ?

(a) पूँजी निर्माण

(b) मूल्य ह्रास

(c) निवेश

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

15. निम्नलिखित में से कौन सही है ?

(a) प्रयोज्य आय = व्यक्तिगत आय - प्रत्यक्ष कर

(b) प्रयोज्य आय = निजी आय - प्रत्यक्ष कर

(c) प्रयोज्य आय = व्यक्तिगत आय - अप्रत्यक्ष कर

(d) प्रयोज्य आय = निजी आय - अप्रत्यक्ष कर

16. मुद्रा वह वस्तु है

(a) जो मूल्य का मापक हो

(b) जो सामान्यतः विनिमय के लिए स्वीकार किया जाए

(c) जिसके रूप में धन-सम्पत्ति का संग्रह किया जाए

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

17. मुद्रा की पूर्ति से हमारा अभिप्राय है

(a) बैंक में जमा राशि

(b) जनता के पास उपलब्ध रुपये

(c) डाकघर में जमा बचत खाते की राशि

(d) इनमें से सभी

18. मुद्रास्फीति वह स्थिति है जब

(a) मूल्य स्तर स्थिर रहता है

(b) मूल्य में ह्रास की प्रवृत्ति होती हैं

(c) मूल्य स्तर में निरंतर तीव्र वृद्धि हो

(d) इनमें से कोई नहीं

19. व्यावसायिक बैंक

(a) नोट निर्गमन करते हैं

(b) ग्राहकों से जमा स्वीकार करते हैं

(c) ग्राहकों को ऋण देते हैं

(d) केवल (b) एवं (c)

20. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

(a) 1947 में

(b) 1951 में

(c) 1935 में

(d) 1955 में

21. भारत में बैंकिंग क्षेत्र के सुधार से जुड़ा हुआ है।

(a) वर्ष 1991

(b) नरसिंहम कमेटी

(c) वाई. वी. रेड्डी कमेटी

(d) केवल (a) एवं (b)

22. बजट

(a) सरकार के आय-व्यय का ब्योरा है

(b) सरकार की आर्थिक नीति का दस्तावेज है

(c) सरकार के नये कार्यक्रमों का विवरण है

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

23. असंतुलित बजट में

(a) आय, व्यय से अधिक होता है

(b) आय की अपेक्षा व्यय अधिक होता है।

(c) घाटा ऋण या नोट छापकर पूरा किया जाता है

(d) केवल (b) एवं (c)

24. विनिमय दर का अर्थ है

(a) एक विदेशी मुद्रा के लिए कितनी देशी मुद्रा देनी होगी

(b) एक विदेशी मुद्रा के लिए कितनी दूसरी विदेशी मुद्रा देनी होगी

(c) विदेशी मुद्रा की खरीद-बिक्री दर

(d) इनमें से सभी

25. रोजगार गुणक सिद्धांत के जन्मदाता है।

(a) केन्स

(b) काह्ना

(c) हेन्सेन

(d) मार्शल

26. व्यष्टि अर्थशास्त्र अध्ययन करता है

(a) व्यक्तिगत इकाई का

(b) आर्थिक समग्र का

(c) राष्ट्रीय आय का

(d) इनमें से कोई नहीं

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

27. किसी सामान्य वस्तु के माँग वक्र की ढाल होती है

(a) ऋणात्मक

(b) धनात्मक

(c) शून्य

(d) अपरिभाषित

28. समसीमांत उपयोगिता नियम के अनुसार उपभोक्ता के संतुलन की शर्त है

(a) $\frac{MU_A}{P_A} = \frac{MU_A}{P_B}$

(b) $\frac{MU_A}{MU_B} = \frac{P_A}{P_B}$

(c) (a) एवं (b) दोनों

(d) अपरिभाषित है

29. एक चतुः क्षेत्रीय या खुली अर्थव्यवस्था में संतुलन की शर्त है

(a) बचत + कर + आयात = निवेश + सरकारी व्यय + निर्यात

(b) कुल रिसाव = कुल अन्तःक्षेपण

(c) समग्र उत्पादन = समग्र व्यय

(d) इनमें से सभी

30. यदि किसी देश की विदेशों से प्राप्त निवल आय ऋणात्मक है, तो

(a) सकल घरेलू उत्पाद < सकल राष्ट्रीय उत्पाद

(b) सकल घरेलू उत्पाद > सकल राष्ट्रीय उत्पाद

(c) सकल घरेलू उत्पाद ≥ सकल राष्ट्रीय उत्पाद

(d) सकल घरेलू उत्पाद = सकल राष्ट्रीय उत्पाद

BiharboardQuestionpaper.com

31. मार्शल के अनुसार किसी वस्तु की उपयोगिता को

(a) मुद्रा में मापा जा सकता है

(b) मुद्रा में नहीं मापा जा सकता है

(c) संख्यात्मक रूप में मापा जा सकता है

(d) (a) एवं (c) दोनों

32. निम्न में से कौन सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम का अपवाद नहीं है ?

(a) नशीली वस्तु का उपभोग

(b) मुद्रा का संचय

(c) दुर्लभ वस्तु का संग्रह

(d) रोटी तथा दूध

33. एक ऋजुरेखी माँग वक्र के मध्य बिन्दु पर माँग की लोच

(a) शून्य होगी

(b) इकाई होगी

(c) अनंत होगी

(d) इनमें से कोई नहीं

34. एक पूर्णतया मेलोचदार माँग वक्र

(a) y-अक्ष के समांतर होगी

(b) x-अक्ष के समांतर होगी

(c) समकोणीय हाइपरबोला होगी

(d) समतल होगी

BiharboardQuestionpaper.com

35. उत्पादन के सभी संसाधनों में एक ही अनुपात में वृद्धि के परिणामस्वरूप उत्पादन में अधिक अनुपात में वृद्धि हो तो इसे कहते हैं

(a) स्थिर पैमाने का प्रतिफल

(b) ह्रासमान पैमाने का प्रतिफल

(c) वर्द्धमान पैमाने का प्रतिफल

(d) इनमें से कोई नहीं

36. आय बढ़ने पर उपभोक्ता किन वस्तुओं की मांग घटा देता है ?

(a) निम्न कोटि की वस्तुएँ

(b) सामान्य वस्तुएँ

(c) गिफिन वस्तुएँ

(d) (a) एवं (h) दोनों

37. किसी अर्थव्यवस्था में एक वर्ष के अंतर्गत उत्पादित अंतिम वस्तुओं तथा सेवाओं के बाजार मूल्य को कहते हैं

(a) कुल राष्ट्रीय उत्पादन

(b) राष्ट्रीय आय

(c) कुल घरेलू उत्पादन

(d) विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन

38. निम्न में से कौन साख नियंत्रण की गुणात्मक विधि है ?

(a) बैंकों के नकद कोष अनुपात में परिवर्तन

(b) उपभोक्ता साख पर नियंत्रण

(c) खुले बाजार का कार्यक्रम

(d) बैंक दर में परिवर्तन

BiharboardQuestionpaper.com

39. एकाधिकार फर्म के संतुलन की शर्त नहीं है

(a) औसत आयु = सीमांत लागत

(b) सीमांत आय = सीमांत लागत

(c) सीमांत लागत व सीमांत आय वक्र को नीचे से काटे

(d) (b) एवं (c) दोनों

40. मौद्रिक नीति के प्रमुख उद्देश्य है

(a) उत्पादन एवं रोजगार में वृद्धि

(b) विदेशी विनिमय दर की स्थिरता

(c) मूल्य स्थिरता

(d) इनमें से सभी

SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 10 लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

1. उत्पादन संभावना वक्र से आप क्या समझते हैं

2. 'गिफिन विरोधाभास' का संक्षेप में समझाइए ।

3. सामान्य वस्तुओं और घटिया वस्तुओं में क्या अंतर है ?

4. साधन के घटते प्रतिफल के नियम को समझाइए।

5. एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार का वर्णन कीजिए।

6. एक तीन क्षेत्रीय

अर्थव्यवस्था में आय एवं उत्पादन के चक्रीय प्रवाह को समझाइए ।

7. सीमांत उपभोग प्रवृत्ति को परिभाषित करें। इसका मान शून्य से अधिक किन्तु एक से कम क्यों होता है?

BiharboardQuestionpaper.com

8. चित्र द्वारा मुद्रा संकुचन अंतराल को समझाइए ।

9. 'केन्द्रीय बैंक अंतिम ऋणदाता है।' कथन को स्पष्ट करें।

10. विदेशी मुद्रा की माँग एवं पूर्ति के तीन-तीन स्रोत बताइए।

प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं।

11. माँग की लोच मापने की कुल व्यय विधि की सचित्र व्याख्या कीजिए।

12. उच्चतम मूल्य नीति की उपयुक्त चित्र द्वारा व्याख्या करें।

13. पूर्ण प्रतियोगिता बाजार की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा करें।

14. व्यावसायिक बैंकों के विकासात्मक कार्यों की चर्चा करें।

अथवा

केन्द्रीय बैंक के किन्हीं तीन मात्रात्मक साख नियंत्रण तकनीक का वर्णन करें।

15. प्रगतिशील कर क्या है ? इसके गुण-दोषों की व्याख्या करें।

अथवा

भुगतान संतुलन क्या है ? प्रतिकूल भुगतान संतुलन को सुधारने के क्या उपाय है?

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..